# आईआईएम का दीक्षांत आज, 595 मैनेजमेंट स्टूडेंट्स को मिलेगी डिग्री

**रायपुर @ पत्रिका.** देश के अग्रणी बिजनेस स्कूल्स में शुमार आईआईएम रायपुर आज अपने 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन कर रहा है। बिल्डिंग बिजनेस ओनर्स की सोच को आगे बढ़ाते हुए संस्थान से इस वर्ष 595 मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स देश-दुनिया की कॉरपोरेट दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ प्रभा नारसिंहन समारोह की मुख्य अतिथि होंगी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इसके साथ ही एफपीएम और ईएफपीएम प्रोग्राम्स के छात्र भी शामिल हैं।



सोमवार को आईआईएम में दीक्षांत का रिहर्सल की गई।

## इन प्रोग्राम्स में डिग्रियां

- 216 छात्र ई-एमबीए प्रोग्राम
- 344 छात्र फुल-टाइम एमबीए, बैच 2023-25
- 25 छात्र एमबीए (आईएसई), बैच 2022-24
- 09 छात्र पीएचडी

Patrika, 15 April 2025, P.01